# देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इन्दौर

## प्रेस–विज्ञप्ति

इन्दौर, 16 अगस्त 2021। स्वतंत्रता की 75वीं वर्षगांठ के अवसर पर पूरे वर्ष ''आजादी का अमृत महोत्सव'' के आयोजन हेतु, आज इन्दौर के माननीय सांसद श्री शंकर लालवानी जी ने विश्वविद्यालय के नालंदा परिसर में माननीय कुलपति प्रो. रेणु जैन, कुलाधिसचिव श्री अशोक शर्मा, प्रभारी कुलसचिव श्री आर.के. बघेल एवं अन्य विभागाध्यक्षों के साथ चर्चा की । इस अवसर पर सामाजिक कार्यकर्ता श्री अनिल भंडारी भी उपस्थित थे।

बैठक में चर्चा की गई कि आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत पूरे वर्ष, विभिन्न सांस्कृतिक, अकादमिक, सामाजिक, खेलकूद एवं कौशल विकास से संबंधित कार्यक्रम देवी अहिल्या विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित किये जायेंगे।

अकादमिक कार्यक्रमों के अंतर्गत ''व्याख्यानमाला'' की एक पूरी श्रृंखला आयोजित की जायेगी। खेलकूद के अंतर्गत मैराथन दौड़ प्रतियोगिता आयोजित करने का प्रस्ताव भी बैठक में पास हुआ। राष्ट्रीय सेवा योजना एवं एन.सी.सी. के माध्यम से विश्वविद्यालय द्वारा गोद लिए गये गाँवों में टीकाकरण एवं बेहतर स्वास्थ्य की सुनिश्चिता की जायेगी। बैठक में निर्णय लिया गया कि अमृत महोत्सव के नाम पर एक स्वर्ण पदक स्थापित किया जायेगा जो इन क्षेत्रों में सर्वश्रेष्ठ कार्य करने वाले व्यक्ति को प्रदान किया जायेगा। इन कार्यो को निष्पादित करने के लिए विश्वविद्यालय द्वारा बजट का प्रावधान किया जयेगा।

इस अवसर पर माननीय सांसद श्री शंकर लालवानी जी ने कहा कि ''देवी अहिल्या विश्वविद्यालय आजादी के अमृत महोत्सव में महत्वपूर्ण भूमिका निभाये और जिस तरह इन्दौर शहर पूरे देश में नम्बर एक पर है उसी तरह देवी अहिल्या विश्वविद्यालय का नाम भी पूरे देश में हो ऐसी उनकी अपेक्षा है''। उनका प्रयास रहेगा कि इन योजनाओं को क्रियान्वित करने में केन्द्र की भी सहभागिता रहे। इस अवसर पर माननीय कुलपति प्रो. रेणु जैन ने कहा कि विश्वविद्यालय का प्रयास रहेगा कि हम अधिक से अधिक युवाओं को इस कार्यक्रम में जोड़ सकें जिससे कि उन्हे एहसास हो सके कि आजादी को प्राप्त करने में देश को किन कठिनाईयों का सामना करना पड़ा है।

इस अवसर पर श्री अनिल भंडारी जी ने कहा कि इन कार्यक्रमों के माध्यम से हमारा फोकस मानव विकास, व्यवसायिक एथिक्स एवं कौशल विकास पर होना चाहिए। बैठक के बाद माननीय सांसद जी द्वारा नालंदा परिसर में वृक्षारोपण भी किया गया।

**डॉ. चन्दन गुप्ता**
**मीडिया प्रभारी**